Seat No. : _______________

MA-II-67

April-2007

Hindi

(Hindi Upanyas)

Paper-VII

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 100**

सूचना : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. हिन्दी उपन्यास साहित्य में लघु उपन्यास के महत्त्व एवं आवश्यकता पर प्रकाश डालिए । **(15)**

अथवा

आज का उपन्यास वस्तु एवं शिल्प की दृष्टि से प्रौढ़ हो गया है । इस कथन की युक्तियुक्त चर्चा कीजिए ।

2. मृणाल का चरित्र परंपरा एवं विद्रोह का विचित्र सम्मिश्रण है - इस कथन के आलोक में मृणाल के चरित्र पर प्रकाश डालिए । **(15)**

अथवा

अपने समय की दृष्टि से शैली एवं कथ्य की दृष्टि से त्यागपत्र एक सर्वथा नवीन प्रयोग कहा जा सकता है - इस कथन की सत्यता परख कर अपना तर्क स्पष्ट कीजिए ।

3. सूरदास का चरित्र करुण तथा वीर का अनोखा मिश्रण है - उपन्यास के आधार पर चर्चा कीजिए । **(15)**

अथवा

उपन्यास मानव-समाज का चित्र-मात्र है - इस कथन के आलोक में रंगभूमि में चित्रित समाज की विशेषताएँ बताइए ।

4. विचारधारा ऐतिहासिक सत्य को पुनर्व्याख्यायित करती है - इस कथन के आलोक में दिव्या उपन्यास की समीक्षा कीजिए । **(15)**

अथवा

दिव्या उपन्यास के नारी चरित्रों का विश्लेषण कीजिए ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए । **(20)**

(अ) अपने अपने अजनबी में मृत्युबोध **अथवा** (अ) जगन्नाथन् का चरित्र

(आ) अपने अपने अजनबी में बाढ़ का वर्णन **अथवा** (आ) अपने अपने अजनबी का शीर्षक

(इ) राग दरबारी का उद्देश्य **अथवा** (इ) राग दरबारी का शीर्षक

(ई) राग दरबारी की भाषा **अथवा** (ई) शिवपालगंज

6. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **(20)**

(1) इनमें से कौन-सा उपन्यासकार मार्क्सवादी है ?

(अ) यशपाल (आ) जैनेन्द्र

(इ) इलाचंद्र जोशी (ई) अज्ञेय

(2) इनमें से किसने स्त्री-केन्द्री उपन्यास नहीं लिखे ?

(अ) अज्ञेय (आ) प्रेमचन्द

(इ) जैनेन्द्र (ई) कृष्णा सोबती

(3) त्यागपत्र उपन्यास में कुल कितने प्रकरण हैं ?

(अ) नौ (आ) दस

(इ) आठ (ई) सात

(4) इनमें से कौन-सा उपन्यास अस्तित्व वादी विचारधारा का माना जाता है ?

(अ) त्यागपत्र (आ) अपने अपने अजनबी

(इ) रंगभूमि (ई) दिव्या

(5) सेल्मा योके की क्या लगती थी ?

(अ) बहन (आ) माँ

(इ) सौत (ई) किराएदार

(6) ताहिर अली जॉन सेवक का कौन था ?

(अ) गुमाश्ता (आ) नौकर

(इ) पड़ोसी (ई) बावर्ची

(7) इनमें से कौन-सा उपन्यास प्रेमचंद का नहीं है ?

(अ) गबन (आ) सेवा-सदन

(इ) प्रेमाश्रम (ई) कल्याणी

(8) इनमें से कौन-सा उपन्यास श्रीलाल शुक्ल का नहीं है ?

(अ) आदमी का ज़हर (आ) अज्ञातवास

(इ) सूनी घाटी का सूरज (ई) संन्यासी

(9) प्रेमचन्द पूर्व कथा-साहित्य में इनमें से कौन-सा गुण नहीं है ?

(अ) स्थूल चित्रण (आ) कलात्मकता

(इ) सस्ता मनोरंजन (ई) सुधारवादी दृष्टिकोण

(10) जीवन ही वह अंतिम कलेवा है जो जीवन दे कर खरीदा गया है - इस कथन का वक्ता कौन है ?

(अ) सेल्मा (आ) योके

(इ) जगन्नाथन (ई) फोटोग्राफर

(11) इनमें से किस रचना में राजनैतिक व्यंग्य है ?

(अ) मुक्तिबोध (आ) झूठा-सच

(इ) राग दरबारी (ई) रंगभूमि

(12) अज्ञेय का मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण मुख्यत: किससे प्रभावित है ?

(अ) फ्रायड (आ) एडलर

(इ) जुंग (ई) लकान

(13) श्रीलाल शुक्ल के राग दरबारी को कौन-सा पुरस्कार मिला ?

(अ) भारत-भारती (आ) मूर्तिदेवी

(इ) साहित्य अकादमी (ई) ज्ञानपीठ

(14) शहर से शिवपालगंज जाने वाला इनमें से कौन है ?

(अ) रुप्पन (आ) बद्री पहलवान

(इ) रंगनाथ (ई) गयादीन

(15) इनमें से किस उपन्यास में मनोवैज्ञानिक शिल्प का प्रयोग नहीं किया गया ?

(अ) नदी के द्वीप (आ) बाणभट्ट का आत्मकथा

(इ) अजय की डायरी (ई) प्रेमाश्रम

(16) यह भगोडी दासी मेरी संपत्ति हा । इसे मुझे लौटा दो - कथन का वक्ता कौन है ?

(अ) रत्नप्रभा (आ) पुरोहित चक्रधर

(इ) मारिश (ई) पृथुसेन

(17) दिव्या के कथानक को कितने भागों में विभक्त किया गया है ?

(अ) तेरह (आ) बारह

(इ) आठ (ई) चौबीस

(18) किसे सरस्वती-पुत्री का महा-सम्मान प्राप्त होता है ?

(अ) दारा (आ) रत्नप्रभा

(इ) दिव्या (ई) सीरो

(19) सीरो किसकी पुत्री है ?

(अ) मिथोद्रस (आ) पृथुसेन

(इ) पुरोहित (ई) मारिश

(20) दिव्या अंत में किसके प्रस्ताव को स्वीकार करती है ?

(अ) पृथुसेन (आ) पुरोहित

(इ) मारिश (ई) रत्नप्रभा